61(A) 4 271

## कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका

### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 30 वीं बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदन

कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 30 वीं बैठक दिनांक 02.09.2023 को केन्द्र के सभागार में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ॰ आर॰ के॰ सोहाने, विशिष्ट अतिथि डॉ॰ फिजा अहमद, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के साथ–साथ कृषि विज्ञान केन्द्र के नियंत्री पदाधिकारी–सह–सहअधिष्ठाता एवं प्राचार्य, बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर डॉ॰ एस॰ एन॰ राय, राज्य सरकार के विभागीय पदाधिकारीगण तथा सम्मानित कृषक सदस्यों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस बैठक में सम्मनित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पिछली बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की सम्पुष्टि की गयी तथा निम्नांकित बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

1. निदेशक प्रसार शिक्षा ने निर्देश दिया कि केन्द्र के द्वारा जितने भी प्रशिक्षण आयोजित किये जाते हैं, उसका तिमाही कैलेन्डर तैयार कर संबद्ध विभाग को ई–मेल किया जाय, ताकि विभागीय पदाधिकारीगण संबद्ध क्षेत्र के किसानों को इसमें भाग लेने हेतु प्रेरित कर सकें। क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम के एक सत्र में संबंधित विभाग के बिहार सरकार के पदाधिकारी एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक को भी आमंत्रित किया जाय।

   **कार्यान्वयन** :– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ

2. निदेशक प्रसार शिक्षा ने कहा कि जिले में कई ऐसे किसान हैं, जो खेती, बागवानी या संबद्ध क्षेत्र में अच्छे कार्य कर रहे हैं। इन मॉडल किसान के प्रक्षेत्र पर अन्य किसानों का भ्रमण करावें, ताकि उससे प्रेरणा लेकर अन्य किसान भी अच्छा कार्य कर सकें।

   **कार्यान्वयन** :– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ

3. निदेशक प्रसार शिक्षा ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा इनोवेटिव फार्मर का फार्म भरकर भेजने हेतु पत्र दिया गया है, निर्देश दिया गया कि योग्य किसानों का फार्म भरकर शीघ्र भेजा जाय।

   **कार्यान्वयन** :– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ

4. निदेशक प्रसार शिक्षा ने ई निरोग एप को बढ़ावा दें। इसे विभागीय पदाधिकारी तथा प्रगतिशील कृषकों को डाउनलोड करवाएँ, जिससे कि वे इसका लाभ ले सके।

   **कार्यान्वयन** :– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ

5. उनके द्वारा पुनः निर्देशित किया गया कि NICRA परियोजना के अन्तर्गत शेष बचे राशि से केन्द्र पर तालाब निर्माण करवाया जाए। इस हेतु एक प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा जाय।

   **कार्यान्वयन** :–वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

6. जिला कृषि पदाधिकारी से कहा गया कि खरीफ, रबी एवं गरमा मौसम के पहले किसान सलाहकारों का प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा करवाया जाए।

   **कार्यान्वयन** :– डॉ॰ रघुबर साहू, वि॰व॰वि॰, सस्य

7. कम वर्षापात को देखते हुए खरीफ मौसम में कुल्थी और मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने का निर्देश दिया गया। इस हेतु किसानों को भी इसके बारे में जागरूकता प्रशिक्षण देने की जरूरत महसूस की गयी।

**कार्यान्वयन** :– डॉ॰ रघुबर साहू, वि॰व॰वि॰, सस्य

8. ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के अंतर्गत विषय वस्तु विशेषज्ञ तथा अन्य पद खाली रहने के कारण विषय वस्तु विशेषज्ञ, सस्य को इस कार्य हेतु जिम्मेदारी प्रदान करने का निर्देश दिया गया।

**कार्यान्वयन** :– डॉ॰ रघुबर साहू, वि॰व॰वि॰, सस्य वि॰

9. श्री संजय कुमार मंडल, वि॰व॰वि॰, मृदा विज्ञान ने बताया कि चान्दन प्रखंड के सातो और बाँका प्रखंड के हीरमोती में पलास के पौधे पर लाह के कीट का प्रत्यारोपण किया गया है। समिति की ओर से निदेशक प्रसार शिक्षा ने लाह की खेती को बढ़ावा देने का निदेश दिया।

**कार्यान्वयन** :– श्री संजय कुमार मंडल, वि॰व॰वि॰, मृदा विज्ञान

10. जलवायु अनुकूल कृषि के अंतर्गत Long Term Experiment प्लॉट का रिजल्ट तथा कृषक खेत पर परीक्षण का रिजल्ट जिला कृषि पदाधिकारी को भेजकर उसका पम्पलेट आत्मा योजना के तहत छपवाने के लिए निर्देशित किया गया। ड्रोन का प्रत्यक्षण 200 एकड़ में करने का निदेश दिया गया।

**कार्यान्वयन** :– सह अन्वेषक, जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम

11. निदेशक प्रसार शिक्षा द्वारा निर्देशित किया गया कि केन्द्र के प्रक्षेत्र में पानी की समस्या को देखते हुए एक डीप बोरिंग का प्रस्ताव निदेशालय को भेजा जाए।

**कार्यान्वयन** :–वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान एवं श्री संजय कु॰ मंडल

12. जीवामृत के फायदे के चर्चा के क्रम में निदेशक प्रसार शिक्षा ने कहा कि जीवामृत के प्रशिक्षण हेतु आवश्यक अधिकांश सामग्री गाँव में उपलब्ध होते हैं, अतः किसानों के प्रक्षेत्र/गाँव में प्रशिक्षण देना सुनिश्चित किया जाय।

**कार्यान्वयन** :– श्री संजय कुमार मंडल, वि॰व॰वि॰, मृदा विज्ञान

13. चर्चा के क्रम में यह बात सामने आया कि मधुमक्खी पालन हेतु फूल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरसों और मूँग का प्रत्यक्षण मधुमक्खी पालन वाले क्षेत्रों में किया जाय।

**कार्यान्वयन** :– डॉ॰ रघुबर साहू, वि॰व॰वि॰, सस्य वि॰

14. कृषि विज्ञान केन्द्र बाँका के माध्यम से कृषक खेत पर किये गये परीक्षण का परिणाम जिला कृषि कार्यालय को भेजा जाय, जिससे तकनीकी का प्रत्यक्षण एवं क्षैतिज हस्तानान्तरण किया जा सके।

**कार्यान्वयन** :– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ

इस बैठक में निम्नांकित सदस्यों ने भाग लिया –

| क्र. सं. | पदाधिकारी / वैज्ञानिक एवं कृषक सदस्यों के नाम / पता |
|---|---|
| 1 | डॉ. आर. के. सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर |
| 2 | डॉ. फिजा अहमद, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर |
| 3 | डॉ. एस. एन. राय, सह अधिष्ठाता एवं प्राचार्य, बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर–सह–नियंत्री पदाधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका |
| 4 | श्री अरूण कुमार, संयुक्त निदेशक (कृषि), भागलपुर प्रमंडल |
| 5 | डॉ. ब्रजेन्दु कुमार, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका |
| 6 | डॉ. सनोज कुमार, सहायक प्राध्यापक, बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर |
| 7 | जिला कृषि पदाधिकारी, बाँका |
| 8 | सहायक निदेशक (उद्यान), बाँका |
| 9 | सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण), बाँका |
| 10 | सहायक निदेशक (रसायन), बाँका |
| 11 | जिला मत्स्य पदाधिकारी, बाँका |
| 12 | जिला गव्य विकास पदाधिकारी, बाँका |
| 13 | उप निदेशक (भूमि संरक्षण), बाँका |
| 14 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बाँका |
| 15 | जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई.सी.डी.एस., बाँका |
| 16 | अग्रणी बैंक प्रबंधक, बाँका |
| 17 | मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, ADB, बाँका |
| 18 | प्रबंधक, यूको बैंक, ककवारा |
| 19 | ई. रवि रंजन कुमार, वि.व.वि. (कृषि अभियंत्रण), कृ.वि.के., बाँका |
| 20 | डॉ. रघुवर साहू, वि.व.वि. (सस्य), कृ.वि.के., बाँका |
| 21 | श्री संजय कुमार मंडल, वि.व.वि. (मृदा विज्ञान), कृ.वि.के., बाँका |
| 22 | जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, बाँका |
| 23 | बिनोद राज दहल, इन्टीग्रेटर, प्रदान |
| 24 | द्रष्टि मंडलोई, प्रोजेक्ट एक्जीक्यूटिव, प्रदान |
| 25 | सरोज कुमार, प्रोजेक्ट एक्जीक्यूटिव, प्रदान |
| 26 | श्री अभिषेक कुमार, दैनिक भास्कर, बाँका |
| 27 | श्रीमती विनिता कुमारी, झिरवा, बाँका, प्रगतिशील महिला कृषक |
| 28 | श्री शंभूनाथ वर्मा, उपरामा, रजौन, प्रगतिशील कृषक |
| 29 | श्री मुंशी मरांडी, हीरमोती, बाँका, प्रगतिशील कृषक |

268

| | |
|---|---|
| 30 | श्रीमती मनिता सोरेन, कोकरीतरी, बाँका, प्रगतिशील महिला कृषक |
| 31 | श्री रूपेश कुमार चौधरी, उपरामा, रजौन, बाँका, प्रगतिशील कृषक |
| 32 | श्री रिपूसूदन सिंह, बिन्डी, बाँका, प्रगतिशील कृषक |
| 33 | श्रीमती बन्दना कुमारी, मेढ़ा, कटोरिया, बाँका, प्रगतिशील महिला कृषक |

14.09.2023

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका

ज्ञापांक–IV/कृ.वि.के. बाँका/218 दिनांक–14.09.2023
प्रतिलिपि :– सभी किसान प्रतिनिधि एवं सम्मानित सदस्य को सूचनार्थ।

14.09.2023

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका

ज्ञापांक– 218 /कृ.वि.के. बाँका, दिनांक–14.09.2023
प्रतिलिपि :– सहअधिष्ठाता एवं प्राचार्य, बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर–सह–नियंत्री पदाधिकारी, कृ.वि.के. बाँका/सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर/निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर/निदेशक, आई.सी.ए.आर.–अटारी, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

14.09.2023

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका